>

Title: Need to promote amla in Pratapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): अध्यक्ष महोदय, प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश के छ: विकास खंड आंवला फल पट्टी के रूप में घोषित क्षेत्र है जहां किसानों द्वारा प्रमुख रूप से आंवले की खेती की जाती है। जिनमें मंदिर/ट्रस्ट समिति द्वारा स्वयं प्रसाद चढ़ाने एवं वितरित किए जाने की व्यवस्था प्रचलन में है। यदि इस प्रकार मंदिर/ट्रस्ट समिति द्वारा आंवले से बनने वाले उत्पाद का इस्तेमाल परम्परागत प्रसाद वितरण के साथ ही वितरित करने की व्यवस्था करा दी जाए तो एक अभिनव प्रयोग होगा और अमृत फल का भोग लगाने की सर्वथा उचित व्यवस्था होने के साथ-साथ जनपद प्रतापगढ़ में कटने के कगार पर खड़े आंवला बगान के किसानों को जीने का सहारा मिलने के साथ-साथ उद्योगविहीन जनपद प्रतापगढ़ को एक कुटीर उद्योग का सहारा मिल जाएगा।